


# 2 छोटी बड़ी संख्याएँ

9DCXK5

स्कूल के प्रवेश उत्सव में सोनी ने 17 झंडियाँ बनाईं। करीम ने 12 झंडियाँ बनाईं।




अब तुम बताओ। किसने ज्यादा झंडियाँ बनाईं ?

सोनी ने या करीम ने ? ..............................................

किसने कम झंडियाँ बनाईं ? ......................................

17 झंडियाँ अधिक हैं 12 झंडियों से।

इसका मतलब है 17 बड़ा है 12 से

इसे चिह्न द्वारा कैसे लिखेंगे ?

**आओ समझें–**

'बड़ा है' दिखाने के लिए '>' चिह्न बनाते हैं। जैसे– $17 > 12$

सोचो– 12 छोटा है 17 से । इसे चिह्न द्वारा कैसे दिखाएँगे ?

देखो– $12 < 17$ (हमने 'बड़ा है' के चिह्न को उलट कर बनाया। साथ ही संख्याओं की अदला–बदली की।)


हमने देखा कि ऊपर की संख्याओं को हम दो प्रकार से बड़ा या छोटे के रूप में लिख सकते हैं। पहला 17 बड़ा है 12 से, दूसरा 12 छोटा है 17 से।

संख्या को छोटे या बड़े के रूप में दिखाने के लिए < या > चिह्न लगाते हैं। चिह्न में जिधर मुँह खुला होता है उस तरफ की संख्या बड़ी होती है। जैसे हमने ऊपर दो तरह से लिखा है।

पहला 17 बड़ा है 12 से। इसमें खुला मुँह 17 की तरफ होगा–$17>12$

दूसरा 12 छोटा है 17 से। इसमें भी खुला मुँह 17 की तरफ होगा– $12 < 17$

देखो




तुमने देखा

ऊपर के चित्र में जिधर अधिक वस्तुएँ हैं, उधर चिह्न का मुँह खुला है। जिधर कम वस्तुएँ हैं उधर चिह्न का मुँह बन्द है। दोनों वस्तुओं की संख्या समान है तो बराबर का चिह्न (=) लगता है।

| चिह्न | |
|---|---|
| बड़ा है – | > |
| छोटा है– | < |
| बराबर है – | = |


उचित चिह्न ( **>, <, =** ) लगाओ–

25 ......... 30 250 ......... 125 690 ......... 690

देखो, समझो और कंकड़ों / पत्तियों की संख्या लिखो



.......... .......... .......... .......... .......... ..........



.......... .......... .......... .......... .......... .......... ..........

तुमने देखा– कंकड़ों की संख्या लगातार बढ़ रही है।
पत्तियों की संख्या लगातार घट रही है।

कंकड़ हैं बढ़ती संख्या में और पत्तियाँ हैं घटती संख्या में।

कंकड़ों की संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6

पत्तियों की संख्या 7, 6, 5, 4, 3, 2, 1

आओ इनके बीच बड़े–छोटे का चिह्न लगाएँ –

1 < 2 < 3 < 4 < 5 < 6 (बढ़ता क्रम)

7 > 6 > 5 > 4 > 3 > 2 > 1 (घटता क्रम)

अब तुम भी संख्याओं को बढ़ते क्रम (आरोही क्रम) एवं घटते क्रम (अवरोही क्रम) में लिखो–

10, 29, 16, 18, 43, 34, 8

बढ़ता क्रम (आरोही क्रम) ......... ......... ......... ......... ......... ......... .........

घटता क्रम (अवरोही क्रम) ......... ......... ......... ......... ......... ......... .........

## किसी संख्या के ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या

84 के ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या कैसे पता करेंगे ?

आओ करके देखें– 84 के ठीक पहले की संख्या 84–1 = 83

84 के ठीक बाद की संख्या 84+1 = 85

अब तुम करो–

नीचे दी गई संख्याओं के ठीक पहले तथा ठीक बाद की संख्या लिखो–

| ठीक पहले की संख्या | **संख्या** | ठीक बाद की संख्या |
|---|---|---|
| 27 | **28** | 29 |
| .......... | **74** | .......... |
| .......... | **160** | .......... |

> किसी संख्या के ठीक पहले की संख्या पूर्ववर्ती संख्या होती है।
> किसी संख्या के ठीक बाद की संख्या अनुवर्ती संख्या होती है।

➤आरोही–अवरोही क्रम तथा पूर्ववर्ती–अनुवर्ती संख्याओं की समझ हेतु कार्य–पुस्तिका पर अभ्यास कराएँ।

## हमने सीखा

- दो संख्याओं की तुलना करने पर–
  जिधर बड़ी संख्या होती है उधर चिह्न का मुँह खुला '>' रखते हैं।
  छोटी संख्या की ओर चिह्न का मुँह बन्द '<' रखते हैं।
  दो बराबर संख्याओं के बीच '=' का निशान लगाते हैं।
- संख्याओं के बढ़ते क्रम को आरोही क्रम तथा घटते क्रम को अवरोही क्रम कहते हैं।

## अभ्यास

1. गिनो और छोटे, बड़े का चिह्न लगाओ –



2. उचित चिह्न **>, =, <** लगाओ –

   क. 750 ..... 39
   ख. 31 ..... 850
   ग. 50 ..... 50
   घ. 16 ..... 4
   च. 950 ..... 300
   छ. 116 ..... 116

3. बढ़ते क्रम (आरोही क्रम) में लिखो–

   क. 197, 78, 22, 512
   ख. 250, 150, 50, 350

4. घटते क्रम (अवरोही क्रम) में लिखो–

   क. 34, 515, 135, 247
   ख. 500, 700, 400, 600

5. क. 426 के ठीक पहले की संख्या (पूर्ववर्ती) लिखो– ..................
   ख. 730 के ठीक बाद की संख्या (अनुवर्ती) लिखो – ..................